## Regarding establishment of industrial units and making available irrigation facilities in the Jhabua and Alirajpur districts

**इंजीनियर गुमान सिंह दामोर (रतलाम)**: मेरी लोकसभा क्षेत्र रतलाम के अंतर्गत झाबुआ एवं अलीराजपुर जिले में उद्योग नहीं है, और न ही सिंचाई की सुविधायें हैं । जिले में लगभग 40 प्रतिशत आबादी मजदूरी पर अपना जीवन व्यापन करती है । क्षेत्र में सिंचाई सुविधायें नहीं होने के कारण खरीफ की ही फसल हो पाती है । रबी की फसल बहुत कम होती है । मैं मांग करता हूँ कि मेरी लोकसभा क्षेत्र के झाबुआ एवं अलीराजपुर जिले में उद्योग स्थापित किए जाए, एवं सिंचाई हेतु सुविधायें उपलब्ध करवाई जाए ।